सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय, नई दिल्ली**

**निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:**

1. **महाप्रबंधक, इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर), अहमदाबाद**
2. **प्रधान निदेशक, सुगंध और सुरस विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज**

## स्वायत्तशासी निकायों (एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की सोसायटियों) के महाप्रबंधक/प्रधान निदेशक के रूप में कार्य करने के लिए एक नया चुनौतिपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहा है

***हम ऐसे ऊर्जावान, ओजस्वी तथा प्रतिभावान व्यावसायिकों की तलाश कर रहे हैं जिनके पास इस क्षेत्र से संबंधित ज्ञान, कौशल और नेतृत्व के गुण हों तथा जो संबंधित क्षेत्र में बेहतरीन परिणाम देने के लिए अपने अनुभव और ज्ञान का प्रयोग करने का इच्छुक हों।***

**इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर)** जोकि नवीनतम मशीनों से लैस एक अल्ट्रा-मॉर्डन टूल रूम है, एमएसएमई को उत्पाद डिजाइन, प्रोटोटाइप विकास और रोजगार कार्य संबंधी सहायता प्रदान करता है तथा स्टेअ-ऑफ-आर्ट आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम मुहैया कराता है।

**सुगंध और सुरस विकास केंद्र (एफएफडीसी)** तकनीकी सहायता, परामर्श तथा कौशल सहायता आदि प्रदान करके इस क्षेत्र में एसेंशियल ऑयल, फ्रेग्रेंस एंड फ्लेवर इंडस्ट्री (सुरस और सुगंधउद्योग), अनुसंधान एवं विकास (आर एडं डी) संस्थानों से संबंधित तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करता है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.igtrahd.com तथा www.ffdcindia.org का अवलोकन करें।

कार्यकारी प्रमुख इन स्वायतशासी-निकायों के दैनिक प्रबंधन तथा कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसके चलते प्रौद्योगिकी तक एमएसएमई की पहुंच पर फोकस करने से, कौशल उन्नयन तथा एडवोकेसी सहायता प्रदान कर, एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। वे व्यवसाय के विकास, ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध तथा मैनपावर के विकास में लीडरशिप की भूमिका निभाएंगे। इससे जब कभी भी आवश्यक हो, वे विपणन, उत्पादन, प्रशिक्षण, डिजाइन, परामर्श, अनुसंधान और विकास आदि के लिए पर्यवेक्षण करेंगे तथा मार्गदर्शन देंगे । उन्हें प्रौद्योगिकी के नए/आगामी क्षेत्रों में केंद्र की सक्षमताओं के निर्माण का भी कार्य करना होगा। यह उनका कर्तव्य होगा कि वे केंद्र के समग्र कार्यकलापों का समन्वय करें तथा सामान्य रूप से पर्यवेक्षण भी करें।

उपरोक्त पदों के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिन्हें अनुबंध के आधार पर आरम्भ में 5 वर्ष की अवधि के लिए भरने का प्रस्ताव है, यह अवधि कार्यनिष्पादन की समीक्षा के आधार पर सेवानिवृत्ति की आयु तक बढाई जा सकती है। विवरण इस प्रकार है:

| | **महाप्रबंधक, (आईजीटीआर), अहमदाबाद** | **प्रधान निदेशक, (एफएफडीसी), कन्नौज** |
|---|---|---|
| **शैक्षणिक योग्यता** | **अनिवार्य**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकेनिकल (यांत्रिकी) / प्रोडक्शन (उत्पादन) / मैन्युफैक्चरिंग (प्रौद्योगिकी) इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष।<br>**वांछनीय**: किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग/ टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) /प्रबंधन में स्नातकोत्तर योग्यता। | **अनिवार्य**: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से कैमिस्ट्री / बॉटनी / एग्रोनॉमी में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा कैमि कल टैक्नोलोजी/ कैमि कल इंजीनियरिंग/ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में डिग्री।<br>**वांछनीय:** कैमिस्ट्री / बॉटनी / एग्रोनॉमी में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा कैमि कल टैक्नोलोजी/ कैमि कल इंजीनियरिंग/ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री या प्रबंधन/कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या डिग्री। |
| **अनुभव** | **अनिवार्य:** किसी टूल रूम/प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग उद्योग में प्रोडक्शन /प्रशिक्षण विभाग में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 10 वर्ष एक जिम्मेदार प्रौद्योगिकी/प्रबंधन के पद पर रहने का अनुभव शामिल हो। | **अनिवार्य:** एक औद्योगिक प्रतिष्ठान/तकनीकी/अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) संगठन में एक जिम्मेदार पद पर कार्य करने का 15 वर्ष का अनुभव, जो फाइन कैमिकल/फाइटो-कैमिकल या ऐरामेटिक और औषधीय पौधों की खेती/प्रसंस्करण या सुरस/सुगंध के निर्माण या फाइटो- |

| | | |
|---|---|---|
| | **प्राथमिकता**: इंजीनियरिंग परियोजनाओं के कार्यान्वयन और प्रबंधन, कम्प्यूटरीकृत एमआईएस के उपयोग में अनुभव जिसमें रिवर्स इंजीनियरिंग, रैपिड प्रोटोटाइपिंग, कैड/कैम और सीएनसी प्रौद्योगिकी आदि शामिल हैं। प्रशासन, वित्त और श्रम प्रबंधन में अनुभव। | केमिकल और फाइन केमिकल में गुणवत्ता प्रबंधन से संबंधित हो।<br><br>**वांछनीय:**<br>ऐरोमा केमिकल/ एसेंशियल ऑयल, फ्रेग्रेंस एंड फ्लेवर, ऐरामेटिक और औषधीय पौधों, मसालों और ओलियोरेजिन से संबंधित संगठनों में उत्पादन/अनुसंधान एवं विकास कार्य/शिक्षण/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुभव हो। मानव संसाधन और वित्तीय प्रबंधन, औद्योगिक संबंधों और सामान्य प्रशासन में अनुभव हो। (असाधारण रूप से योग्य और मेधावी उम्मीदवारों के मामले में, अध्यक्ष, शासी परिषद के विवेकाधीन अनुभव की आवश्यकताओं में छूट दी जा सकती है)। |
| **वेतनमान** | **लेवल -13 ए (7वें सीपीसी के अनुसार)** | **लेवल -13 (7वें सीपीसी के अनुसार)** |
| **अन्य लाभ** | इस पद में सरकारी नियमों के अनुसार मूल वेतन के अलावा भत्ते भी शामिल हैं।<br>{ मानदंडों के अनुसार 1,31,100/- रुपए का प्रविष्टि वेतन (बेसिक) तथा अन्य संबंधित भत्ते जैसे मंहगाई भत्ता, यातायात भत्ता, एचआरए (यदि आवास मुहैया नहीं कराया जाता है।) } | इस पद में सरकारी नियमों के अनुसार मूल वेतन के अलावा भत्ते भी शामिल हैं।<br>{ मानदंडों के अनुसार 1,23,100/- रुपए का प्रविष्टि वेतन (बेसिक) तथा अन्य संबंधित भत्ते जैसे मंहगाई भत्ता, यातायात भत्ता, एचआरए (यदि आवास मुहैया नहीं कराया जाता है।) } |
| **आयु** | 50 वर्ष, (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक) (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आंतरिक उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष तक और अ.पि.व. के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष तक की छूट)। | 50 वर्ष, (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक ) (केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार सरकारी, अर्ध-सरकारी/ क्वासी-गवर्नमेंट संगठनों/ ऑटोनोमस-बॉडी के कर्मचारियों/ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विभागीय उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, तथा अ.पि.व. उम्मीदवारों और भूतपूर्व सैनिकों/दिव्यांगों के लिए 3 वर्ष तक की छूट) |

यदि आप चुनौतिपूर्ण परिवेश में कार्य करने के इच्छुक हैं, तो आप www.dcmsme.gov.in तथा संबंधित स्वायत्तशासी निकाय अर्थात www.igtrahd.com तथा www.ffdcindia.org पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन में दिए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार विधिवत रूप से आवेदन कर सकते हैं तथा इसे निम्नलिखित पते पर **24.01.2023** तक **स्पीड/पंजीकृत डाक** द्वारा पहुंच जाना चाहिए।

**अपर विकास आयुक्त (टीसी), विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय, कमरा सं. 717, सातवां तल, 'ए' विंग, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली- 110011**

अलग-अलग पद/स्थानों के लिए अलग-अलग आवेदन भेजे जाने चाहिए।
(आवेदन वाले लिफाफे पर संबंधित पद/स्थान......... के लिए रिक्ति हेतु आवेदन का स्पष्ट रूप से **उल्लेख होना चाहिए**।)

***वे लोग जिन्होंने पूर्व में प्रधान निदेशक, एफएफडीसी, कन्नौज के लिए आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।***

नोट: केंद्र/राज्य सरकार या किसी भी सरकारी उपक्रम/स्वायत्तशासी संगठनों में कार्य कर रहे उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजने की आवश्यकता है। हालांकि, वे विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय को अग्रिम प्रति भेज सकते हैं और उन्हें साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।